# खातेदारों ने जे.डी.ए को जमीन सरेंडर की, लेकिन 25 फीसदी मुआवजे को तरस रहे

## पृथ्वीराज नगर क्षेत्र के गजसिंहपुरा स्थित खसरा नम्बर 96 से 105 का मामला

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के पृथ्वीराज नगर (पीआरएन) स्थित गजसिंहपुरा में अवाप्तशुदा जमीन जेडीए प्रशासन को सरेंडर करने के बावजूद खातेदार 25 फीसदी मुआवजे को तरस रहे है। दूसरी तरफ तोपखाना देश गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा इस बेशकीमती जमीन पर बार-बार अवैध कॉलोनी बसाने का प्रयास कर जमीन हड़पने की कोशिश की जा रही है।

खातेदार रतन का कहना है कि गजसिंहपुरा स्थित खसरा नम्बर 96 से 105 में से 200 फीट सेक्टर रोड निकलने के बाद बाकि जमीन पर वे काबिज है। खातेदार का आरोप है कि इस जमीन को जेडीए ने वर्ष 1988 में पृथ्वीराज नगर योजना के लिए अवाप्त किया था। अवाप्ति के बाद तोपखाना देश गृह निर्माण सहकारी ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर डिक्री प्राप्त कर ली। जेडीए ने वर्ष 1992 में डीबी सिविल रिट में याचिका पेश की, जिसमें वर्ष 1996 में जेडीए की याचिका स्वीकार कर अवाप्ति प्रक्रिया को सही माना गया। जेडीए ने जमीन अवाप्त कर ली लेकिन मुआवजा जारी नहीं किया। काश्तकार वर्ष 2012 तक खेती करते रहे, इसका गिरादावरी रिकॉर्ड भी मौजूद है। वर्ष 2012 में यह जमीन जेडीए में नाम दर्ज हो गई। खातेदारों ने धारा-44 के तहत जेडीए को समर्पित कर दी। गत 20 जुलाई 2021 की जेडीए जोन अधिकारियों की मौका रिपोर्ट में जमीन खाली बताई, इसमें किसी भी योजना का कब्जा नहीं पाया गया। विधिक राय में भी इस जमीन को कब्जा लेकर खातेदारों का 25 फीसदी मुआवजा देने को कहा है। बाकि जमीन की नीलामी करने से जेडीए प्रशासन को करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। इस अवाप्तशुदा जमीन के मुआवजे के लिए खातेदार अब भी जेडीए के ऑफिस के चक्कर काट रहे है।



पृथ्वीराज नगर क्षेत्र के गजसिंहपुरा में जेडीए द्वारा अवाप्तशुदा खसरे की भूमि।

- खातेदार रतन का आरोप है कि इन खसरों में से 200 फीट सेक्टर रोड निकलने के बाद बाकी जमीन पर वे लोग काबिज हैं, लेकिन दूसरी ओर तोपखाना देश गृह निर्माण सहकारी समिति जेडीए द्वारा अवाप्तशुदा भूमि पर जबरन अवैध कब्जा करने की कोशिश में जुटी है।
- पीड़ित खातेदार का आरोप है कि गृह निर्माण सहकारी समिति और जेडीए के कुछ अधिकारी-कार्मिकों ने मिलीभगत कर जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाइट पर फर्जी नक्शे और सूची तक अपलोड कर दी, जिससे लोग भ्रमित हैं।

खातेदार रतन का आरोप है कि तोपखाना देश सोसायटी का किसी प्रकार का कोई कब्जा उक्त भूमि पर नहीं होने के बावजूद भूमि पर भूखण्डों का डिमार्केशन किये जाने का प्रयास किया, जिस पर जेडीए के प्रवर्तन दस्ते द्वारा कई बार तोड़फोड़ की गई। अब खातेदार व खातेदारों के वारिसान इसी भूमि में 25 प्रतिशत विकसित भूमि प्राप्त करने के लिये लगातार चक्कर काट रहे है परन्तु किसी प्रकार की सुनवाई जेडीए के अधिकारियों द्वारा नहीं की जा रही है। उधर गृह निर्माण सहकारी सोसायटी द्वारा फर्जी तरीके से नक्शा प्रस्तुत कर जेडीए द्वारा नक्शे को वेबसाईट पर सार्वजनिक चढाया जाना भी जेडीए अधिकारियों की मिलीभगत दर्शाता हैं। उक्त नक्शा लोगों को गुमराह कर रहा हैं।

उक्त प्रकरण में जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिवक्ता अमित कुडी से तोपखाना देश गृह निर्माण सहकारी समिति के पक्ष में नियमन या खातेदार के पक्ष में अवार्ड अनुसार प्रस्तुत धारा 44 जेडीए एक्ट के आधार पर 25 प्रतिशत विकसित भूमि देने के संबंध में राय चाही गई, जिसमें दोनों पत्रावलियां अर्थात तोपखाना देश के नियमन तथा खातेदारों के मुआवजे की प्रेषित की गई थी, जिसमें अधिवक्ता अमित कुडी द्वारा दी गई राय के अनुसार खातेदार अवार्डी को 25 प्रतिशत विकसित भूमि देने एवं शेष भूमि को ऑक्शन में बेचान कर राजस्व प्राप्त करने का उल्लेख है ।

# निर्माणाधीन बड़े प्रोजेक्ट से करोड़ों रुपए का सरिए चुराने वाले गिरोह का खुलासा

## मणिपाल यूनिवर्सिटी के निर्माणाधीन प्रोजेक्ट में सरिया सप्लाई करने वाले धर्म कांटे को हैक कर रहे थे चोरी

**जयपुर** (कासं)। पुलिस मुख्यालय की सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने सोमवार को निर्माणाधीन बड़ें प्रोजेक्टस में सरिए सप्लाई करते वक्त रास्ते में सरिए चोरी कर धर्म कांटे पर डिवाइस लगाकर वजन में हेराफेरी करने वाली गैंग का खुलासा किया है। मामले में बगरू थाना पुलिस की टीम ने चार लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है, वहीं मुहाना स्थित गोदाम और बगरू में साइट पर लगे धर्म कांटे को सील किया गया। पुलिस ने कांटे से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और मौके से एक ट्रेलर भी जप्त किया है। आरोपी मणिपाल यूनिवर्सिटी में चल रहे निर्माण कार्य में हर ट्रक में 3 से 10 टन तक लोहा चोरी कर लेते थे।

- सीआईडी क्राइम ब्रांच के खुलासे के बाद बगरू पुलिस ने 4 लोगों को हिरासत में लिया

एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि कांस्टेबल रविंद्र सिंह को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जयपुर शहर के आसपास निर्माणाधीन बड़े कॉलेज, अस्पताल और सरकारी प्रोजेक्ट में लोहे के सरिया सप्लाई करने वाले ट्रांसपोर्टर सप्लायर के यार्ड से साइट पर पहुंचने से पहले अपने ट्रक मुहाना मंडी स्थित गोदाम पर ले जाते हैं। बगरू थाना क्षेत्र में मणिपाल यूनिवर्सिटी के निर्माणाधीन प्रोजेक्ट में क्रिएटिव प्रोजेक्ट एंड कांट्रैक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को सरिया सप्लाई करने वालों ने प्रोजेक्ट साइट पर स्थित धर्म कांटे में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लगाकर वजन में हेराफेरी कर सरिया चोरी करने की वारदात का खुलासा किया है। इस कार्रवाई में एसएचओ बगरू और मुहाना शामिल रहे। उत्तर प्रदेश और राज्य में सक्रिय धर्म कांटा चोर गैंग प्रोजेक्ट साइट पर सरिया सप्लाई से पहले मुहाना स्थित अपने गोदाम पर ट्रक ले जाते हैं। वहां तीन से दस टन सरिया ट्रक से उतार लेते हैं। यह गैंग निर्माणाधीन साइट के कांटे में एक छोटा इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस फिट कर देते हैं। ट्रक जब साइट पर पहुंचता है तो रिमोट के द्वारा दूर से कांटे को कंट्रोल पूरा वजन दिखाया जाता है। यह गैंग एक निर्माणाधीन बड़ी साइट से कार्य पूर्ण होने तक लगभग 400 से 500 टन का सरिया चोरी कर लेती हैं। जिसकी बाजार में कीमत ढाई से 3 करोड रुपए तक होती है। आरोपी गोदाम में उतारा गया सरिया कम कीमत पर अन्य व्यापारियों को बेच देते हैं।

# एलआईसी एजेंट्स व कर्मचारियों को मिलेंगे कई फायदे

**जयपुर** (कासं)। वित्त मंत्रालय ने एलआईसी एजेंट्स और कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी उपायों को मंजूरी दे दी है। इनमें ग्रेच्युटी में वृद्धि, उन्नत टर्म बीमा कवर, नवीनीकरण कमीशन पात्रता और पारिवारिक पेंशन के प्रस्ताव शामिल है। भारतीय जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष सिद्धार्थ मोहंती ने बताया कि एलआईसी एजेंट्स को देय अधिकतम बीमा राशि बढ़ाकर अब 5 लाख रुपये कर दी गई है। नए प्रावधानों के अनुसार पुनर्नियुक्त एलआईसी एजेंट नवीनीकरण कमीशन प्राप्त करने के पात्र होंगे। उन्नत टर्म बीमा कवर में एजेंट्स को देय निःशुल्क टर्म बीमा की मात्रा 1.50 लाख रुपये तक बढ़ा दी गई है। एलआईसी कर्मचारियों के परिवारों के कल्याण के लिए 30 प्रतिशत की एक समान दर पर पारिवारिक पेंशन दी जायेगी। एलआईसी के अध्यक्ष सिद्धार्थ मोहंती ने केन्द्रीय वित्त मंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के इस फैसले से एलआईसी कर्मचारियों और एजेंट्स का मनोबल बढ़ेगा।




सांगानेर में वाटिका रोड पर स्थित डी एण्ड आर मेक-ओवर सैलून का शुभारंभ गणेश चतुर्थी पर हुआ। यह जानकारी सैलून के प्रोपराइटर दिनेश-रवि सैन ( सेदरिया वाले ) ने दी है।

# जीवनभर सीखने के लिए तैयार रहे छात्र : डॉ. तोमर



इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटी प्रेसिडेंट्स ने तानोइका गौकेन एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से 12 से 15 सितंबर तक जापान के ओसाका में एक अर्ध-वार्षिक कार्यक्रम की मेजबानी की।

**जयपुर,** (का.सं.)। इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटी प्रेसिडेंट्स (आई.ए.यू.पी) ने तानोइका गौकेन एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से, 12 से 15 सितंबर, 2023 तक ओसाका, जापान में एक अर्ध-वार्षिक कार्यक्रम की सफलतापूर्वक मेजबानी की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए, ज्ञान और रणनीतियों के गहन आदान-प्रदान में संलग्न होने के लिए विश्वविद्यालय के कुलपतियों को एक साथ लाना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ. बलवीर एस. तोमर रहे। इस सेशन पर चर्चा के लिए मॉडरेटर-फर्नांडो गैल्वान, यूनिवर्सिडैड अल्काला डे हेनारेस (स्पेन), असिलबेक कोज़खमेतोव, अल्माटी प्रबंधन विश्वविद्यालय (कजाकिस्तान), ताकाहिरो ओनो, क्योटो यूनिवर्सिटी ऑफ फॉरेन स्टडीज (जापान), ज़ी हुई, हुनान विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (चीन) शमिल रहे।

इस कांफ्रेंस का विषय, "उन्नत कैरियर संभावनाओं के साथ ग्रेजुएट्स को रोजगार के लिए विकसित करना रहा, प्रारंभिक सत्र ने इस महत्वपूर्ण चर्चा के लिए मंच तैयार किया, जिसमें निम्स यूनिवर्सिटी राजस्थान, जयपुर के चांसलर और अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. बलवीर एस. तोमर शामिल रहे, जिन्होंने पूर्ण सत्र के वक्ता के रूप में भाग किया। उन्होंने अपने विचारों को तीन मुख्य श्रेणियों में विभाजित किया, पहला एम्प्लोयेर्स द्वारा आवश्यक कौशल पर आधारित था, दूसरा पाठ्यक्रम में रोजगार योग्यता कौशल को शामिल करने के लिए अच्छी प्रैक्टिस पर आधारित रहा और सबसे महत्वपूर्ण इस पर आधारित था कि विश्वविद्यालय, एंटरप्रेन्योरशिप के लिए स्टूडेंट्स को भविष्य के लिए कैसे तैयार कर रहे हैं।

डॉ. तोमर ने तेजी से बदलते नौकरी परिदृश्य के लिए स्टूडेंट्स को तैयार करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए है, 15 कौशलों को चिन्हित किया, ये कौशल (स्किल्स) ग्रेजुएट्स के लिए अपने करियर में आगे बढ़ने और बदलते कार्यबल परिवेश के साथ तालमेल बिठाने के लिए आवश्यक हैं।

उन्होंने सेशन में रोजगार के संदर्भ में आर्गेनाइजेशनअल डेवलपमेंट के लिए कहा कि विश्वविद्यालयों को छात्रों को उनकी पहली नौकरी से कहीं अधिक के लिए तैयार करने की आवश्यकता है। उन्हें जीवन भर सीखने और लगातार बदलती नौकरी के लिए अनुकूल बनाने की आवश्यकता है। आज का सबसे बड़ा चैलेंज सामने रखते हुए प्रो. (डॉ.) बलवीर एस तोमर ने एम्प्लॉयमेंट और एम्प्लोयाबिलिटी रखा, जिसमे व्यक्ति के पास रोजगार होना और स्किल्स के साथ रोजगार होने में फर्क बताया।

# छह सीएचसी को नेशनल क्वालिटी एश्यारेंस सर्टिफिकेट

**जयपुर** । प्रदेश के तीन हैल्थ वेलनेस सेंटर, दो पीएचसी और एक अरबन पीएचसी स्वास्थ्य केन्द्रों को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट के लिए चुना गया है। अब राजस्थान के 153 स्वास्थ्य केन्द्र अपनी स्वच्छता और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाओं के आधार पर नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के अंतर्गत यह राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं।

चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीना और विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने इन चिकित्सा संस्थानों के सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी है। मिशन निदेशक, एनएचएम डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम क्वालिटी एश्योरेंस प्रोग्राम के तहत बीकानेर जिले के उत्तमदेसर, ग्रांधी, डूडीवाली के हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर, राजसमंद जिले की पीएचसी ताल, बूंदी जिले की पीएचसी बांसी और जालौर जिले की अरबन पीएचसी लाल पोल स्वास्थ्य केन्द्रों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पहली बार बीकानेर जिले के तीनों हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर को चुना है। प्रतिवर्ष नेशनल लेवल के एक्सटरर्नल एसेसमेंट मॉनीटर्स द्वारा भी स्वास्थ्य केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया जाता है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा निर्धारित मापदंड़ों के अनुसार विभिन्न पैरामीटरों की जांच कर श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले संस्थानों को यह प्रमाण पत्र और निर्धारित इंसेंटिव राशि प्रदान की जाती है।

# 13 विद्यालयों में होगा उर्दू साहित्य

**जयपुर,** (का.सं.)। अब डीग जिले के 13 राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थी उर्दू साहित्य विषय में भी पढ़ाई कर सकेंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विद्यालयों में ऐच्छिक विषय के रूप में उर्दू साहित्य प्रारम्भ किए जाने के प्रस्ताव मंजूरी दी है।

# रामनगरिया क्षेत्र में दो वर्ष की बच्ची की संदिग्ध मौत

**जयपुर** । रामनगरिया इलाके में दो साल की बच्ची की संदिग्धावस्था में मौत का मामला सामने आया है। बच्ची की मां ने दहेज की खातिर पहले उसे घर से निकालने और बाद में बेटी की हत्या कर चुपचाप अंतिम संस्कार करने के आरोप लगाकर मामला दर्ज करवाया है। पुलिस जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार मूलतः भरतपुर जिले के भुसावर की रहने वाली राधा (24) पुत्री बन्ने सिंह और उसकी छोटी बहन रिकेश (21) की 16 फरवरी 2020 को लालसोट दौसा के रहने वाले राकेश और रोहित से हुई थी। शादी के बाद दोनों बहनें जयपुर के जगतपुरा स्थित गंगा विहार कॉलोनी में ससुराल में रहने लगीं। विवाहिता राधा का आरोप है कि ससुराल वाले दहेज की खातिर उसे मारपीट कर प्रताडित् करते थे और उसने बेटी को जन्म दिया तो ससुराल वाले और ज्यादा ताने देकर परेशान करने लगे। दोनों बहन राधा और रिकेश को घर निकालकर राधा की 22 माह की बेटी जिगिसा को अपने पास रख लिया। दोनों बहने पीहर पहुंची तो भुसावर थाने में 22 अगस्त को ससुराल वालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई। विवाहिता के चाचा ने 2 सितम्बर को जिगिसा की मौत के बारे में जानकारी दी। राधा का आरोप है कि ससुराल वालों ने बेटी की हत्या कर साक्ष्य मिटाने के लिए बिना सूचना के ही अंतिम संस्कार कर दिया। पीड़िता ससुराल पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर घर से भगा दिया।

- मृतका की मां का आरोप है कि उसके पति ने दहेज के लिए उसे घर से बाहर निकालकर बेटी को मौत के घाट उतारा

# फायरिंग व फावड़े से हमला करने वाले दो गिरफ्तार

**जयपुर** । विश्वकर्मा थाना पुलिस ने दो अलग-अलग हत्या के प्रयास के मामलो में दो हमलावरों को गिरफ्तार किया है। वहीं ब्लात्कार के एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। डीसीपी पश्चिम संजीव नैन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी जितेन्द्र सरावग पुत्र रामस्वरूप 25 निवासी टमकौर मलसीसर झुंझुंनू हाल कृष्णा विहार विश्वकर्मा, लोकेश कुमार मीणा पुत्र स्व. बालूराम मीणा 25 निवासी गांव बिशनगढ़ आमेर थाना दौलतपुरा को हत्या के प्रयास के मामलों में गिरफ्तार किया है। वहीं बलात्कार के मामले में टिकम चन्द सैन पुत्र राजेश सैन 19 निवासी शिव मंदिर के पीछे रेल्वे कॉलोनी सवाई माधोपुर हाल विश्वकर्मा है। आकेडा डुंगर में 4 सितंबर को पृथ्वीराज मीणा पर फायिरंग के मामजले में लोकेश कुमार मीणा और 18 सितंबर को नन्नी देवी के पति बलजीत पर फावड़े से हमला करने के मामले में जितेन्द्र को गिरफ्तार किया है।

# पानी की टंकी पर चढ़ा संत

**जयपुर** । बाड़मेर के संत दयालपुरी अपने आश्रम के टूटने की शिकायत मुख्यमंत्री से करने के लिए जयपुर पहुंचे, लेकिन जब उनकी मुलाकात सीएम से नहीं हुई तो वे मंगलवार को ढहर के बालाजी के पास पानी की टंकी पर चढ़ गए। घटना की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ढेहर के बालाजी स्थित पानी की टंकी के पास पहुंची और अधिकारियों ने महाराज से बात की। उन्हें विश्वास दिलाया ही सीएम के लौटते ही उन्हें मिला दिया जाएगा। इसके बाद शाम 5.30 बजे संत को सुरक्षित पानी की टंकी से नीचे उतारा गया।

दरअसल, संत दयालपुरी महाराज बाड़मेर के रहने वाले हैं। संत दयालपुरी महाराज ने बताया कि बाड़मेर के मगरा क्षेत्र में सालों पुराने वृद्धा आश्रम को तोड़ने के कारण काफी परेशान हैं। इसी मामले में करीब 4 महीने पहले गुरु भाई और मारवाड़ के प्रख्यात संत ने परेशान होकर फांसी लगा ली थी। उनका नाम भी दयालपुरी महाराज था। वे काफी समय से अपनी मांगों को लेकर सीएम से मिलना चाहते थे। आज जब सीएम से मिलने पहुंचे तो लोगों ने कहा वे बाहर गए हुए हैं। आखिर परेशान होकर मंगलवार को अपनी मांग को लेकर आज पानी की टंकी पर चढ़े। टंकी से नीचे उतरने के बाद संत दयालपुरी महाराज ने सरकार के सामने चार शर्ते रखी हैं। साथ ही इन शर्तों को जल्द से जल्द पूरी करने की बात कही हैं।



संत दयालपुरी महाराज ने मांग की है कि मुख्यमंत्री मुझ से जल्द से जल्द मिलें। दो सालों से बाड़मेर से जयपुर चक्कर लगा कर बीमार व परेशान हो गया हूं। अधिकारियों द्वारा मुझे सीएम साहब से नहीं मिलवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री बाहर हो तो मुझे लाईन पर लेकर बात करवाई जाए। मुख्यमंत्री के आने तक मेरी व्यवस्था मुख्यमंत्री आवास में कराई जाए। बाड़मेर के मगरा क्षेत्र में जन सहयोग से बनाई गई सार्वजनिक वृद्धा आश्रम की करोड़ों रुपए की जमीन का फायदा भू-माफिया को पहुंचाने के लिए राजनैतिक साजिश के तहत गिरा दिया गया। मामले की जांच किसी ईमानदार उच्च स्तरीय अधिकारी के नेतृत्व में करवाई जाए। साथ ही दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

## सार-समाचार

### इनर व्हील क्लब ने दान किया फर्नीचर



**जयपुर,** (का.सं.)। इनर व्हील क्लब ऑफ दिल्ली नॉर्थ, डिस्ट्रिक्ट 301 की अध्यक्ष मधु लता गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ. उर्वशी मित्तल और पास्ट इंटरनेशनल इनर व्हील बोर्ड की निदेशक शशि गुप्ता, कार्यकारी सदस्यों और अन्य सदस्यों ने नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड की नई इमारत में 5 कमरों के लिए फर्नीचर दान किया। दो बिस्तर और लकड़ी की अलमारियां भी दी गईं, ये फर्नीचर दृष्टिबाधित छात्रों की आवश्यकता के अनुसार बनाए गए हैं, जिन्हें ब्रेल किताबें पढ़ने के लिए थोड़ी ऊंची टेबल की आवश्यकता होती है। इनर व्हील क्लब ऑफ दिल्ली नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट 301 के 20 सदस्यों ने फर्नीचर दान में योगदान दिया यह नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड आर के पुरम सेक्टर 5 नई दिल्ली के 160 दृष्टिबाधित छात्रों के लिए फायदेमंद है। हमारे क्लब ने इन दृष्टिबाधित छात्रों की मदद करने के उद्देश्य से यह फर्नीचर दान किया। छात्र पढ़ाई के दौरान कक्षा में चुनौतियों और कठिनाइयों का सामना किए बिना टेबल और कुर्सियों का उपयोग कर सकते हैं। इनर व्हील क्लब ऑफ दिल्ली नॉर्थ की अध्यक्ष मधु लता गुप्ता इस प्रकार के सामाजिक कल्याण कार्य जारी रखेंगी।

### डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग 17 नवंबर से

**जयपुर,** (का.सं.)। डॉक्टर्स व उनके परिवारजनों के बीच लोकप्रिय डॉक्टर्स प्रीमियर लीग के पाँचवे सीजन का आगाज़ आगामी 17 नवंबर को होने जा रहा है जो स्पोफिट अकेडमी में 26 नवंबर तक खेला जाएगा। चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. रविन्द्र गोठवाल ने बताया की इसके सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति की मीटिंग में डीबीएल की विभिन्न केटेगरी में होने वाले मैचेज के कॉर्डिनेटरस ने अपने सुझाव दिए। डीबीएल जॉइंट ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सुधांशु शर्मा ने बताया कि पुरुष वर्ग के कॉर्डिनेटर डॉ. मनीष जैन व डॉ दिलीप गुप्ता होंगे। इसी क्रम में आयोजन सचिव डॉ. हनुमान खोजा ने बताया कि महिला वर्ग के कॉर्डिनेटर प्रेम चौधरी व डॉ.सतपाल यादव होंगे। बच्चों की प्रतियोगिता के कॉर्डिनेटर डॉ. निधि पुनिया व डॉ. नफीस होंगे। बॉयज़ केटेगरी के कॉर्डिनेटर डॉ. गजेंद्र सिंह और होंगे। आयोजन अध्यक्ष डॉ. अनिल यादव ने बताया कि इस बार ट्रायो चैंपियनशिप का द्वितीय सीजन व डीबीएल कपल ऑफ़ दि ईयर भी आयोजित की जाएगी मोनिका शर्मा व डॉ. अजित जैन कॉर्डिनेटर होंगे। डीबीएल संयोजक डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि टूर्नामेंट के फॉर्मेट के अनुसार इसमें सीनियर टीम इवेन्ट जूनियर्स टीम इवेंट, किड्स टीम इवेंट हर साल की तरह आयोजित की जाएंगी।

### गणेश चित्र प्रदर्शनी लगाई



**जयपुर,** (का.सं.)। गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर आतिशय कलित संस्थान एवम ललित कला अकादमी, राजस्थान के संयुक्त तत्वाधान में गणेश चित्रों पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन झालाना ,जयपुर स्थित राजस्थान ललित कला अकादमी की कला दीर्घा में किया गया। इस अवसर पर अर्चना शर्मा (अध्यक्ष ,राज्य समाज कल्याण बोर्ड जयपुर ), मुख्य अतिथि, वरिष्ठ कला समीक्षक प्रयाग शुक्ल एवं लक्ष्मण व्यास (अध्यक्ष ,राजस्थान ललित कला अकादमी ) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### भल्ला को इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड



**जयपुर,** (का.सं.) । जयपुर के एमिनेंट आर्टिस्ट धर्मेन्द्र सिंह भल्ला को इनोवेटिव जूलरी डिजाइन को प्रमोट करने में उल्लेखनीय योगदान के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के प्रतिष्ठित इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स लंदन से नवाजा गया है। हाल में हाउस ऑफ कॉमन्स, ब्रिटिश पार्लियामेंट, वेस्टमिनिस्टर एस.डब्ल्यु.आई. लंदन, यू.के. में हुए अवॉर्ड सेरेमनी में आर्टिस्ट भल्ला को यह अवॉर्ड शैडो मिनिस्टर फोर इंटनेशनल ट्रेड यूनाइटेड किंगडम ग्रेथ रिचर्ड थॉमस, मेंबर ऑफ पार्लियामेंट यू.के. वीरेन्द्र शर्मा व वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के सीईओ संतोष शुक्ला ने प्रदान किया। समारोह में मेंबर ऑफ पार्लियामेंट यूनाइटेड किंगडम (यू.के.) बॉब ब्लैकमैन और मेंबर ऑफ द हाउस ऑफ लॉर्ड्स यूनाइटेड किंगडम लॉर्ड रैमी रेंजर सीबीई समेत कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। गौरतलब है कि मिनिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल की ओर से भारत का पहला डिजाइन इनोवेशन नेशनल अवॉर्ड हासिल करने वाले आर्टिस्ट भल्ला कला अपनी क्रिएटिविटी और कुंदन जड़ाई के बारीकबीनी वर्क में सिद्धहस्तता को लेकर खास पहचान रखते हैं। उनका कहना है कि किसी भी कलाकृति की खूबसूरती को उसकी लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई से नहीं मापा जा सकता है। इसे मापने का क्राइटिरिया सिर्फ विजन ही है। तभी उस कला में संस्कृति, सभ्यता और नैसर्गिक प्रकृति का तादात्म्य भाव छलकता है।

### हथियार बेचने आया तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर** । पुलिस कमिश्नरेट की सीएसटी ऑपरेशन आग के तहत ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में कार्रवाई कर एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से 1 पिस्टल, 3 जिन्दा कारतूस व परिवहन में प्रयुक्त एक बाइक बरामद की है। डीसीपी पूर्व ज्ञानचन्द यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विष्णु कुमार योगी पुत्र जलसिंह योगी मूलतः कैमरी, नादौती गंगापुर सिटी का निवासी है, जो जयपुर शहर में अवैध हथियार तस्करी का काम करता है। आरोपित के कब्जे से 1 पिस्टल 3 जिन्दा कारतूस व एक बाइक बरामद की है। आरोपित ने पूछताछ में बताया कि हथियार करौली निवासी टीकम शर्मा ने मुझे ट्रांसपोर्ट नगर में किसी व्यक्ति को बेचने के लिए भेजा था लेकिन ग्राहक के पास पहुँचता उससे पहले ही पुलिस ने पकड़ लिया। मैं जिसे हथियार बेचने जा रहा था, उसकी जानकारी टीकम शर्मा को ही है। टीकम शर्मा के बताए अनुसार मैं जयपुर आया था।

### ड्रग्स तस्करी में लिप्त दो महिलाएं पकड़ी

**जयपुर** । पुलिस कमिश्नरेट की सीएसटी ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत ट्रांसपोर्ट नगर व मानसरोवर थाना इलाके में ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई कर दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। प्रगिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 5.40 ग्राम स्मैक, 478 ग्राम गांजा व बिक्री राशि 8,88,600 रुपए बरामद किए है। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सावत्री सांसी पत्नी बाबूलाल सांसी 45 निवासी संगम विहार, नई दिल्ली हाल वैदपुरी कॉलोनी कच्ची बस्ती आमागढ दिल्ली बाईपास और प्रेमा सांसी पत्नी सुभाष सांसी 35 निवासी इन्द्रा कॉलोनी फतेहपुर जिला सीकर हाल स्वर्ण पथ मानसरोवर है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 5.40 ग्राम स्मैक, 478 ग्राम गांजा व बिक्री राशि 8,88,600 रुपए बरामद किए है। आरोपिता सावत्री सांसी ने पूछताछ में बताया कि मेरी भाभी रति सांसी किसी व्यक्ति से चार-पांच दिन पहले भारी मात्रा में स्मैक खरीदकर लाई थी, जिसको मैं छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर घर के आसपास में रहने वाले ग्राहकों को बेचती हूँ।